आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

14.05.2024 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार....

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने के अंतिम दिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से भरा नामांकन ।
- प्रदेश भाजपा के नेता अब देशभर में प्रचार के साथ संभाल रहे हैं चुनाव अभियान ।
- प्रदेश में फिर बदले मौसम के तेवर, कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश ।
- आईपीएल क्रिकेट में आज नई दिल्ली में डेल्ही कैपिटल का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन था । प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन भरा। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13-13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा।

भाजपा प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत सभी 29 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब प्रदेश भाजपा के नेता देशभर में चुनाव अभियान संभालेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव उत्तर प्रदेश और दिल्ली में प्रचार करेंगे । वहीं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज दिल्ली और वीडी शर्मा उत्तर प्रदेश में प्रचार करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज से 19 मई तक चुनावी दौरे पर रहेंगे। डॉ यादव उत्तर प्रदेश की

चरखारी विधानसभा पहुंचेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज दिल्ली में जनसभा कर महिला सम्मेलन और दलित सम्मेलन में शामिल होंगे। इधर हमीरपुर में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी चुनाव प्रचार करेंगे।

भारत-हरित हाईड्रोजन

भारत ने नीदरलैंड के रोटरडैम में चल रहे विश्व हाईड्रोजन सम्मेलन 2024 में अपना पहला पवेलियन स्थापित किया है। इस पवेलियन का अनावरण नवीकरणीय ऊर्जा सचिव भूपेन्द्र एस. भल्ला ने किया। यह हरित हाईड्रोजन के क्षेत्र में देश की प्रगति को दर्शाता है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से लगभग पन्द्रह हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।

भारत ने वर्ष 2030 की समाप्ति तक पचास लाख मिट्रिक टन हरित हाईड्रोजन उत्पादन करने की क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के साथ पिछले साल जनवरी में राष्ट्रीय हरित हाईड्रोजन कार्यक्रम शुरु किया था।

कोयला उत्पादन

भारत का घरेलू कोयला भण्डार इस वर्ष 26 प्रतिशत बढकर 14 करोड़ नब्बे लाख टन हो गया है। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अप्रैल महीने में देश का कोयला उत्पादन सात दशमलव तीन-एक प्रतिशत बढा। श्री जोशी ने कहा कि कोयला आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति प्रति वर्ष पांच दशमलव चार-तीन प्रतिशत की दर से बढी है। उन्होंने कहा कि देश कोयले की सर्वाधिक मांग को पूरा करने की स्थिति में है।

यूनेस्को-भारत

राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को 'यूनेस्को के विश्व एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय अनुस्मरण रजिस्टर' में शामिल किया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया है कि यह समावेशन भारत के लिए एक गौरव का क्षण है, जिससे देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि होती है। यह वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों को और आगे ले जाने का प्रतीक है, जो हमारी साझा मानवता को आकार देने वाली विविध कथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को पहचानने और सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डालता है। 'रामचरितमानस', 'पंचतंत्र' और 'सहृदयालोक-लोकन' ऐसी कालजयी रचनाएं हैं जिन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। 'सहृदयालोक-लोकन', 'पंचतंत्र' और 'रामचरितमानस' की रचना पंडित आचार्य आनंदवर्धन, विष्णु शर्मा और गोस्वामी तुलसीदास ने की थी।

## मौसम

प्रदेश में आज भी मौसम बदला हुआ है । कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। कहीं-कहीं ओले भी गिरने की भी खबर है प्रदेश में गुना, अशोकनगर, विदिशा, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दतिया, इंदौर, पन्ना और बैतूल के मुलताई में तेज आंधी के साथ पानी गिरा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 31 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 16 मई तक प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा।

## कान-फिल्म फेस्टिवल

फ्रांस के कान्स में आज 77वां कान्स फिल्म महोत्सव शुरू हो गया है । भारत भी इस बारह दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहा है। भारत, इस महोत्सव में पहली बार भारत पर्व की मेज़बानी कर रहा है। फिल्म महोत्सव में भारतीय पवेलियन, भारतीय फिल्म जगत के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। भारत पर्व में, 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पोस्टर और ट्रेलर का भी अनावरण किया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 28 नवंबर के बीच गोवा में किया जाएगा। भारतीय प्रतिनिधि दल में सरकार और फिल्म उद्योग से जुड़े लोग शामिल हैं।

## समर स्पेशल ट्रेन

जबलपुर में नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग ने यात्रियों की समस्या बढ़ा दी है। समर स्पेशल ट्रेनों में भी भीड़ बढ़ गई है। इस बीच रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेनों की संख्या में फिर इजाफा कर दिया है। रेलवे मालदा टाउन से उधना तक स्पेशल ट्रेन चलाई है। 12 मई से शुरू यह ट्रेन 30 जून तक चलेगी। यह ट्रेन जबलपुर समेत सतना, कटनी, पिपरिया और इटारसी में रुकेगी। रेल प्रशासन मालदा टाउन-उधना-मालदा टाउन के मध्य भी 8-8 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चला रहा है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में डेल्ही कैपिटल का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने कल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाइ कर लिया, जबकि अहमदाबाद में बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं डाले जाने के कारण मैच रद्द होने के बाद गुजरात टाइटन्स की टीम लीग से बाहर हो गई। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिये गये।

समाचार संक्षेप में ...

1. धार लोकसभा सीट की सभी ईवीएम मशीन धार के पॉलिटेक्निक कॉलेज में जमा की जा चुकी है। मतगणना 4 जून को होगी। यहाँ 14 लाख 21 हजार 585 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

2. जबलपुर हाईकोर्ट ने हरदा के वन अधिकारियों पर हमला करने और उन्हें बंधक बनाकर रखने के 23 आरोपितों के विरुद्ध दर्ज एफआइआर निरस्त करने से इन्कार कर दिया। अब इन सभी के विरुद्ध अधीनस्थ अदालत में ट्रायल जारी रहेगी।

3. बैतूल में कलेक्टर ने राजस्व सहायकों की बैठक में 31 अक्टूबर तक राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं.

4. अशोकनगर में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण/परिवार पेंशन प्रकरण के निराकरण के लिए कल जिला पेंशन कार्यालय शिविर का आयोजन किया गया है।

5. गुना में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना का निरीक्षण किया गया।

6. शहडोल जिले में आज कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती उत्साह से मनाई जा रही है। नगर में शोभायात्रा निकाली गई है।

7. शहडोल जिले के उत्तर वन मंडल के वन परिक्षेत्र जयसिंह नगर में बाघ के शिकार मामले में न्यायालय ने 5 आरोपियों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

8. प्रदेश के दो जिलों में नदी और तालाब में नहाने के दौरान डूबने की घटनाओं में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। विदिशा जिले के बासौदा में बेतवा नदी में डूबने से दो लोगों की जान चली गई, जबकि छतरपुर जिले में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई।

--------------------